दिन–मंगलवार दिनांक– 28 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी आज पटना के बिहटा स्थित प्रोद्यौगिकी केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। मुजफ्फरपुर, रोहतास, दरभंगा और मुंगेर में होगा एक्सटेंशन सेंटर का शुभारंभ।

02. प्रदेश में जनगणना का काम सुचारू रूप से जारी। अब तक सत्ताईस लाख पचहत्तर हजार से अधिक लोग स्व–गणना में हुये शामिल।

03. बिहार विधान परिषद की स्थानीय क्षेत्र प्राधिकार कोटे की भोजपुर–बक्सर सीट पर उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में। मतदान बारह मई को।

04. और, प्रदेश के मौसम में बदलाव से गर्मी से मिली राहत। मौसम विभाग ने आज उत्तर बिहार समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केन्द्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी आज पटना के बिहटा स्थित नव निर्मित प्रोद्यौगिकी केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे पटना, मुजफ्फरपुर, रोहतास, दरभंगा और मुंगेर में एक्सटेंशन सेंटर का शुभारंभ करेंगे। श्री मांझी इसके बाद प्रेस वार्ता को भी संबोधित करेंगे।

———————————————————————

प्रदेश में जनगणना के तहत स्व–गणना का काम सुचारू रूप से जारी है। अब तक सत्ताईस लाख पचहत्तर हजार से अधिक लोग स्व–गणना की प्रक्रिया में शामिल हुये हैं। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में जनगणना को लेकर हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गयी। बैठक में बताया गया कि राज्य में मकान सूचीकरण और मकान गणना का कार्य बढ़कर निन्यानवे दशमलव छह चार प्रतिशत तक पहुंच गया है। राज्य के तैंतीस जिलों ने जियो–टैगिंग और सीमांकन दोनों में सौ प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। स्व–गणना की प्रक्रिया एक मई तक चलेगी।

———————————————————————

बिहार विधान परिषद की स्थानीय क्षेत्र प्राधिकार कोटे की भोजपुर–बक्सर सीट पर उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया। उपचुनाव के लिए एनडीए की ओर से जदयू के कन्हैया प्रसाद, राजद से सोनू कुमार राय के अलावा अन्य प्रत्याशी मैदान

में हैं। मतदान बारह मई को होगा। गौरतलब है कि यह सीट जदयू के राधा चरण साह के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। वे वर्तमान में संदेश विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

———————————————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव को लेकर प्रपत्र एक जारी करने की तिथि में बदलाव किया है। आयोग द्वारा जारी नये कार्यक्रम के अनुसार अब ये सूची सत्ताईस अप्रैल की जगह चार मई को जारी होगी। इसके साथ ही दावा और आपत्ति की तिथियों में भी परिवर्तन किया गया है। अब चार मई से अठारह मई तक दावा—आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे। आपत्तियों का निष्पादन बाईस मई तक किया जायेगा जबकि अपील वादों के निष्पादन के लिए ग्यारह मई से उनतीस मई की तिथि निर्धारित की गयी है। प्रपत्र एक का अंतिम प्रकाशन पांच जून को होगा जबकि जिला गजट में इसके आंकड़े नौ जून को प्रकाशित किये जायेंगे।

———————————————————————————

बिहार से जुड़ी भारत—नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों की निगरानी और उसपर त्वरित कार्रवाई के लिए बिहार पुलिस की चार नई यूनिट बनाई गई है। इनमें एसटीएफ और विशेष शाखा के साथ ही एसएसबी के प्रशिक्षित पदाधिकारी और कर्मियों को शामिल किया गया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में एसटीएफ के उप महानिरीक्षक नीरज कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चारों इकाई की कार्रवाई का दायरा बिहार के सात जिलों सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पश्चिमी चंपारण और पूर्वी चंपारण के तेरह अनुमंडल और उनहत्तर थानों तक फैला है। श्री सिंह ने बताया कि इकाई ने अब तक सीमा पार से चल रही अवैध गतिविधियों से संबंधित एक सौ अट्ठाईस केस दर्ज किए हैं, जिनमें एक सौ छियालीस आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना मेट्रो रेल परियोजनाओं के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मलाही पकड़ी से राजेंद्र नगर टर्मिनल तथा पटना रेलवे जंक्शन तक मेट्रो का कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। श्री चौधरी ने नगर विकास और आवास, पंचायती राज तथा पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में इस संबंध में अधिकारियों को दिशा—निर्देश दिये।

———————————————————————————

पटना मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर के तहत भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक मेट्रो का परिचालन अगले महीने से शुरू हो जाएगा। मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त नीलाभ्रा

सेनगुप्ता ने कल भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक ट्रैक, पुल और बिजली प्रणाली की जांच की। साथ ही उन्होंने अग्नि सुरक्षा प्रणाली, लिफ्ट, एस्केलेटर और आपातकाल में बाहर निकलने की व्यवस्था की भी समीक्षा की। इसके बाद मेट्रो ट्रेन को दोनों दिशाओं में दस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाकर परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने निर्माण को लेकर संतोष जताया।

———————————————————————

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने उत्तर कोयल जलाशय और मंडई वीयर परियोजना को खरीफ मौसम से पहले पूरा करने का पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान श्री अमृत ने नहर प्रणालियों को इस प्रकार तैयार करने का निर्देश दिया जिससे किसानों को तुरंत सिंचाई का लाभ मिल सके। उन्होंने कार्यस्थल पर मानव बल और मशीनों की संख्या बढ़ाने को कहा जिससे काम में तेजी लायी जा सके।

. ———————————————————————

ज्ञान भारतम् मिशन के तहत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण में बिहार देशभर में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटाइजेशन को लेकर हुई समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गयी। भारत में कुल सर्वेक्षित पांडुलिपियों में बिहार की हिस्सेदारी बाईस प्रतिशत हो गयी है। सत्यापित और स्वीकृत पांडुलिपियों के मामले में मधुबनी राज्य में पहले स्थान पर है। मधुबनी के बाद गया, सीतामढ़ी, पटना और दरभंगा का स्थान है। इस सूची में सबसे निचले पायदान पर जमुई जिला है जहां केवल दस पांडुलिपियों का ही सर्वेक्षण हो सका है।

———————————————————————

पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने और वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से प्रदेश में मौसम के रूख में एक बार फिर परिवर्तन आया है। मौसम में आये बदलाव से दक्षिण बिहार के लोगों से भीषण गर्मी की राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के उत्तरी हिस्सों समेत कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। इधर, पिछले दिनों हुये मौसम में बदलाव और बारिश राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

सर्वाकल कैंसर से बचाव के लिए बालिकाओं को लगाये जाने वाले एचपीवी टीकाकरण में वैशाली जिला राज्यभर में पहले स्थान पर है। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि जिले में अब तक चौदह हजार बालिकाओं को यह टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सत्ताईस मई तक शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्कूल, अस्पतालों और घर–घर जाकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

———————————————————————————

दो वर्षीय बीएड और शिक्षा शास्त्री की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। बिना विलम्ब शुल्क आवेदन की अंतिम तिथि अठारह मई तक निर्धारित है। वहीं, अठारह मई के बाद तीन दिनों तक विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकता है।

———————————————————————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट यूजी का प्रवेश पर जारी कर दिया है। प्रवेश परीक्षा तीन मई को आयोजित होगी। बिहार से एक लाख पैंसठ हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। राज्य के पैंतीस जिलों में परीक्षा आयोजित होगी।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के लाखो और मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर लगभग बाईस करोड़ रुपये मूल्य की शराब जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने एक ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मधुबनी जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान में सात सौ ग्राम ब्राउन शुगर और गांजा जब्त किया है। पुलिस और एसटीएफ की टीम ने देवधा थाना क्षेत्र में जांच दौरान दो सौ ग्राम मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य एक करोड़ रूपये से अधिक बतायी जाती है। वहीं, जिले के रहिका थाना क्षेत्र में पुलिस ने पांच सौ ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के रेपुरा चौर के पास मोटरसाईकिल सवार दो अपराधियों ने लूट के दौरान पति–पत्नी और बच्चे को गोली मार कर घायल कर दिया। अपराधियों ने दम्पति से सात लाख रूपये मूल्य के जेवरात लूट लिये।

————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के फुलकौल चौक पर मोटरसाईकिल सवार तीन अपराधियों ने कुख्यात संजीव मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने भूमि विवाद को हत्या का कारण बताया है।

————————————————————————

गुजरात के राजकोट में सड़क हादसे में मुजफ्फरपुर के कटरा निवासी तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतक में दो सगे भाई थे।

————————————————————————

समस्तीपुर जिले के सरायरंजन के कॉलेज रोड स्थित एक निजी बैंक की शाखा से अपराधियों ने हथियार के बल पर एक लाख रुपये लूट लिए। इस दौरान अपराधियों ने तीन महिला ग्राहकों के जेवरात और मोबाइल भी छीन लिए।

————————————————————————

सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सैदपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन और ऑटो के बीच हुई टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गयी। वहीं, बेगूसराय जिले के चेरियाबरियारपुर के पंचमुखी चौक के पास गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे में गिरने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया।

————————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने बिहटा प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय में अनधिकृत रूप से अनुपस्थित नौ कर्मियों का वेतन रोकते हुये उनसे स्पष्टीकरण की मांग की है। साथ ही एक अन्य कर्मी का आचरण नियमावली के अनुरूप नहीं रहने के कारण चेतावनी देते हुए जवाब तलब किया गया है।

————————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से न्यू चंडीगढ़ में खेला जायेगा। वहीं, कल खेले गये मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने एकतरफा मुकाबले में डेल्ही कैपिटल्स को नौ विकेट से हरा दिया। डेल्ही कैपिटल्स की टीम सोलह ओवर तीन गेंद में सिर्फ पचहत्तर रन ही बना सकी।

———————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– टाउनशिप में जमीन देनेवाले सभी किसान भागीदार होंगे। पचपन फीसदी जमीन विकसित कर टाउनशिप के लिए चिन्हित क्षेत्र में जमीन मालिकों को दी जायेगी।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है– टाउनशिप से कोई नहीं होगा भूमिहीन। दस से बीस गुना बढ़ेगी जमीन की कीमत।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अधिकतर जिलों में गिरेगा पारा। लोगों को गर्मी से मिलेगी राहत।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– निर्माण में कोई गड़बड़ी बर्दाश्त नही। हर पंचायत में सीसीटीवी लगेंगे।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– आम आदमी पार्टी के सात सांसदों को भाजपा में विलय की मंजूरी। आज अखबार लिखता है– ईरान ने सत्रह भारतीय चालक दल वाले टैंकर को बनाया निशाना।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी आज पटना के बिहटा स्थित प्रोद्यौगिकी केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। मुजफ्फरपुर, रोहतास, दरभंगा और मुंगेर में होगा एक्सटेंशन सेंटर का शुभारंभ।

02. प्रदेश में जनगणना का काम सुचारू रूप से जारी। अब तक सत्ताईस लाख पचहत्तर हजार से अधिक लोग स्व–गणना में हुये शामिल।

03. बिहार विधान परिषद की स्थानीय क्षेत्र प्राधिकार कोटे की भोजपुर–बक्सर सीट पर उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में। मतदान बारह मई को।

04. और, प्रदेश के मौसम में बदलाव से गर्मी से मिली राहत। मौसम विभाग ने आज उत्तर बिहार समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।